प्रेस नोट

यातायात पुलिस आयुक्तालय जोधपुर द्वारा चोरी की मोटरसाईकिल बरामद

दिनांकः—01.01.2026

श्रीमान ओम प्रकाश पुलिस आयुक्त जोधपुर निर्देशानुसार, श्री शहीन सी पुलिस उपायुक्त मुख्यालय एवं यातायात के सुपरविजन में एवं श्रीमती शालिनी राज अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त यातायात के नेतृत्व में अपराध में संलिप्त वाहनों की विशेष चैकिंग अभियान यातायात पुलिस आयुक्तालय जोधपुर द्वारा चलाया जा रहा है। दिनांक 01.01.2025 को यातायात पुलिस आयुक्तालय जोधपुर द्वारा यातायात व्यवस्था डयूटी एवं चालानी कार्यवाही के दौरान घंटाघर चौराहा यातायात डयूटी पॉईन्ट पर तैनात श्री कालुराम सउनि. व श्री रामेश्वरलाल कानि. तथा श्री संतोष कानि. ने वक्त करीब 06.00 पीएम पर एक मोटरसाईकिल चालक को रोककर वाहन को ई—डिवाईस मशीन से चैक किया गया तो फर्जी नम्बर प्लेट होने पर लडका को पकड लिया। मोटरसाईकिल के चैसिस नम्बर को ई—चालान मशीन से चैक किये तो मालिक का नाम, पता एवं मोबाइल नम्बर मिला तो मोबाइल नम्बर बात कि तो बताया कि शास्त्री सर्किल से चोरी हो गई थी जिस पर पुलिस थाना शास्त्री नगर से मालूमात किया तो बताया की मोटरसाईकिल चोरी हुई है, तथा थाने में चोरी का मुकदमा नम्बर 87/2024 दर्ज है। जरिये कन्ट्रोल रुम सूचना दी जिसे पर पुलिस थाना शास्त्री नगर के अनुसंधान अधिकारी श्री बाबूलाल हैडकानि. को मय मुलिजम एवं वाहन सुपुर्द किया गया।

(शालिनी राज)
अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त
यातायात, जोधपुर